Setting up of a unit of BEL at Bhubaneswar in Orissa

833. SHRI BAIKUNTHA NATH SAHU: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of electronic establishments of the Bharat Electronics Ltd., functioning at different places in the country at present;

(b) whether Government had a proposal to set up one of its establishments at Bhubaneswar in Orissa; and

(c) if so, the steps taken thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (DR. RAJA RAMANNA): (a) to (c) Bharat Electronics has nine units located at different stations in the country. The Company does not presently have any plan to set up an additional unit at Bhubaneswar or any other place.

शिव दुर्गा मंदिर समिति को शिशुगृहों के लिए अनुदानों का जारी न किया जाना

834. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड ने वर्ष 1988-89 के लिए शिव दुर्गा मंदिर समिति (पंजीकृत) को दो शिशुगृहों के लिए अनुदान की मंजूरी दी थी किन्तु सोसाइटी को अभी तक अनुदान की स्वीकृत धनराशि जारी नहीं की गई है, जबकि इस संस्था द्वारा सभी शर्तों को पूरा किया जा चुका है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार पूर्वी दिल्ली की जे० जे० कालोनी और सीलमपुर की उक्त सोसाइटी को अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के कल्याणार्थ अनुदान राशि प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार उपरोक्त सोसाइटी को परेशान करने के लिए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कोई जांच करा कर कार्यवाही करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन): (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

शिव दुर्गा मन्दिर समिति को पोषक भोजन के लिए अनुदान की शेष राशि का जारी किया जाना

835. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड ने वर्ष 1989-90 के लिए शिव दुर्गा मंदिर समिति पंजीकृत को पोषक भोजन के लिए 38,175 रुपए की धनराशि स्वीकृत की थी जिसमें से 12,000 रुपये की राशि पहली किश्त के रूप में जारी की जा चुकी है किन्तु 26,175 रुपये की शेष धनराशि अभी तक जारी नहीं की गई है, जबकि सोसाइटी द्वारा सभी शर्तें पूरी की जा चुकी हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार पूर्वी दिल्ली की जे० के० कालोनी की उक्त सोसाइटी को अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के कल्याणार्थ अनुदान की शेष धनराशि जारी करने का विचार रखती हैं; और

(ग) यदि उपयुक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर हां है तो क्या सरकार